**प्रदर्शनी** रादुविवि में नारी शक्ति को नई उड़ान,त्रिदिवसीय हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

# हस्तशिल्प प्रदर्शनी में दिखा हुनर और आत्मनिर्भरता का संगम





**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पंडित कुंजीलाल प्रेक्षागृह में मंगलवार को एक जीवंत और रंग-बिरंगा दृश्य देखने को मिला, जब नारी शक्ति वंदन आधारित त्रिदिवसीय हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। परिसर में प्रवेश करते ही विभिन्न स्टॉलों पर सजी आकर्षक हस्तनिर्मित वस्तुएं, छात्राओं का उत्साह और आगंतुकों की जिज्ञासा माहौल को खास बना रही थी।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सशक्त नारी, सशक्त भारत' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत विश्वविद्यालय लगातार सकारात्मक पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल कौशल विकास बल्कि उद्यमिता को भी बढ़ावा देगी। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल ने इसे महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं प्रभारी कुलगुरु प्रो. राकेश बाजपेयी ने कहा कि इस तरह की पहल से समाज में तेजी से सकारात्मक बदलाव आएगा।

## शैक्षणिक परिवार की रही मौजूदगी

इस अवसर पर प्रो. जे.के. मैत्रा, डॉ. एम.एल. केवट, डॉ. एम.एल. साहू, सुश्री जोफिशा मंसब अंसारी, डॉ. सोनिका सिंह, गुणीत वैद्य, सुश्री रविता सिंह, डॉ. अपर्णा अवस्थी, डॉ. शैलेष प्रसाद, डॉ. आशा रानी, डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. लीना हल्दकर, श्रीमती प्रतिभा डी, डॉ. रिंकेश भट्ट, डॉ. पल्लवी शुक्ला, डॉ. जावेद, डॉ. निधि दरबारी सहित बड़ी संख्या में फैकल्टी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 23 अप्रैल तक खुली रहेगी प्रदर्शनी

प्रदर्शनी 22 और 23 अप्रैल को विश्वविद्यालय के कार्यालयीन समय में आमजन के लिए खुली रहेगी। समापन 23 अप्रैल को होगा।

## उत्साह, सहभागिता और सीख का संगम

प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। हर स्टॉल पर उपस्थित प्रतिभागी अपने उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी देते नजर आए। आगंतुकों ने न केवल खरीदारी की, बल्कि कारीगरी की बारीकियों को भी समझा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास को प्रोत्साहित करना है। संचालन डॉ. मीनल दुबे ने किया।

## हर स्टॉल पर दिखी हुनर की झलक



प्रदर्शनी में दो दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां छात्राओं और महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कहीं जूट के बैग और हैंडमेड ज्वेलरी थी, तो कहीं लिप्पन आर्ट और रेसिन आर्ट की बारीक कारीगरी। फैशन टेक्नोलॉजी से जुड़े स्टॉल पर डिजाइनर साड़ियां, सूट और ट्रेंडिंग परिधान देखने को मिले। मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श के स्टॉल भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जहां विशेषज्ञ आगंतुकों से संवाद करते नजर आए।





# पुष्प वर्षा व जयघोष के बीच निकली कलश यात्रा

▸ श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता

**नवभारत,जबलपुर।** छोटा फुहारा स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर, सूजी मोहल्ला में आयोजन समिति के संरक्षक एवं पूर्व महापौर प्रभात साहू के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित 'श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव' के अंतर्गत भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को राममय बना दिया। मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ा फुहारा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई यह यात्रा पुन: मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।

सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की आस्था, युवाओं का उत्साह एवं भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि ने वातावरण को पूर्णत: आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र एक विशाल धार्मिक उत्सव में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोटिया, सतीश उपाध्याय,राम दुबे, योगेंद्र दुबे,वीरेंद्र साहू,पार्षद कविता रैकवार, सुबोध साहू,दीप महदेले, राजा सराफ एवं सीताराम सेन की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने भगवान श्री राम के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण साहू ने बताया कि क्षेत्रवासियों के अपार सहयोग से यह कलश यात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल रही। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों में भी अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है। उल्लेखनीय है कि इस चार दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में प्राण प्रतिष्ठा, महा आरती एवं प्रसाद वितरण जैसे दिव्य धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे।

## ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अमित राय,संतोष लालवानी, राजेश द्विवेदी, अनूप शुक्ला, प्रणव साहू, शेखर सराफ, वेदांत साहू, रुद्रांश साहू, महेंद्र रैकवार,राकेश चौरसिया, राजेश कोष्ठा, चिंटू जायसवाल, यश साहू, राजा कोष्ठा, सेलू कोष्ठा, राजेश जायसवाल एवं राहुल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### भारत विकास परिषद द्वारा संस्कार शिविर आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर, गढ़ा फाटक में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित संस्कार शिविर के तृतीय दिवस पर उत्साहपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि दीपांकर बैनर्जी, अध्यक्ष एड. सचिन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि नितिन पालीवाल, रश्मि कुलकर्णी, मौली जैन, डॉ. नीलेश पाण्डेय एवं प्राचार्य शुभांगी नाइक की उपस्थिति रही। अतिथियों ने बच्चों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर दीपांकर बैनर्जी का जन्मदिवस मनाते हुए उनके सेवा कार्यों के लिए सम्मान किया गया। शिविर में खेल, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता जागरूकता और नैतिक शिक्षा जैसी गतिविधियां आयोजित हुईं, जिनमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### महाकौशल प्रांत में हुई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्र एवं धर्म रक्षा के उद्देश्य को सुदृढ़ करने के लिए जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा महाकौशल प्रांत में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यह घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कन्हैया रामकृष्ण तिवारी द्वारा संगठन विस्तार के तहत की गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों में आशीष विश्वकर्मा को प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष, रोशन गौतेल को प्रांत महामंत्री, सोनू सतनामी को प्रांत संयोजक, उदय पांडे को जबलपुर जिला अध्यक्ष तथा अधिवक्ता धर्मेन्द्र विश्वकर्मा को पूर्व विधानसभा जबलपुर का महामंत्री बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों को संगठन विस्तार और धर्म-राष्ट्र सेवा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस अवसर पर कन्हैया रामकृष्ण तिवारी सहित नीलू सोनकर, संजय ढींगरा, अमरनाथ सोनकर, वीरेंद्र साहू और ओमकार पटेल ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### सरस्वती शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नवभारत, जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सरस्वती शिक्षा मंदिर उ.मा. विद्यालय, मदन महल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं में आकर्षिता निगम (92.2%), कृष्णा सेनी (85.6%) और प्रवेश कुमार यादव (84.8%) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं गणित संकाय में आयुष विश्वकर्मा (89%) और हरवेन्द्र मरावी (77%) ने सफलता हासिल की, वहीं जीवविज्ञान संकाय में आदर्श ठाकुर (82%) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कॉमर्स संकाय में आदित्य आनंद (81.4%), आर्यन दुबे (79.8%) और अनुज जायसवाल (76%) ने उल्लेखनीय अंक अर्जित किए। विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुखवीर कोचर, सचिव उमेश जैन, सह सचिव कमलेश खत्री तथा प्राचार्य नरेश कुमार पाराशर ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

### जिले के विकासखंडों में कल से शुरू होंगे भर्ती शिविर

**नवभारत,जबलपुर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में 'रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती अभियान निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी एसआईएस लिमिटेड, सिंगरौली के सहयोग से चलाया जा रहा है, जिसमें सुरक्षा जवान सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले में शामिल होने के लिए युवाओं की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवार का न्यूनतम 10वीं पास होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया कंपनी द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार साक्षात्कार के माध्यम से पूरी की जाएगी। विशेष बात यह है कि चयनित युवाओं को कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र में सशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद उन्हें रोजगार के विभिन्न अवसर प्रदान किए जाएंगे। भर्ती शिविरों की शुरुआत 23 और 24 अप्रैल को जनपद पंचायत कुंडेश्वर धाम से होगी। इसके बाद 25 अप्रैल को पाटन, 27 अप्रैल को मझौली और 28 अप्रैल को शहपुरा जनपद पंचायत में मेले लगेंगे। 29 अप्रैल को ग्राम पंचायत चरगवां, 30 अप्रैल को पनागर, 1 मई को सिहोरा और 2 मई को जबलपुर के ग्राम पंचायत मंगल भवन, बरगी में आयोजित किया जाएगा।

# मां बगलामुखी सपर्या महोत्सव में दिखी भक्ति और संगीत की अनुपम छटा

▸ प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी की प्रस्तुति से भक्तिमय हुआ माहौल





**नवभारत,जबलपुर।** संस्कार सेवा उत्सव समिति द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ, शंकराचार्य मठ (सिविक सेंटर, मदनमहल) में 'माँ बगलामुखी सपर्या महोत्सव' भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। महोत्सव का मुख्य आकर्षण मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी रहे, जिन्होंने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु गुप्ता का जन्मदिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, डिप्टी एडवोकेट जनरल विवेक शर्मा, लेखराज सिंह, संदीप जैन, पूर्व महापौर प्रभात साहू सहित शरद अग्रवाल, रंजीत पटेल, रंजीत ठाकुर, लालू यादव, सीताराम सेन एवं विधेश भापकर की उपस्थिति रही। ब्रह्मचारी चैतन्यनंद जी महाराज के सान्निध्य एवं आशीर्वचन ने कार्यक्रम को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। आयोजन को सफल बनाने में भवानी अग्रवाल, विवेक दुबे, कुमार सदानी, सौरभ जैन, संकेत चोपड़ा एवं आशिष श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में डॉ. सुधांशु गुप्ता ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 : गौरीघाट पर उमड़ा जन-भागीदारी का सैलाब

**नवभारत, जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम जबलपुर द्वारा 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियानों की श्रृंखला निरंतर जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को संभाग क्रमांक 03 गौरीघाट वार्ड के अंतर्गत गौरीघाट पर 'रिवर टाउन असेसमेंट' के मानकों के तहत एक विशाल महा-श्रमदान अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम के साथ जॉय हायर सेकेंडरी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों और एन.सी.सी. कैडेट्स ने कंधे से कंधा मिलाकर माँ नर्मदा के तटों की सफाई की। हाथों में झाड़ू और कचरा संग्रहण बैग लिए इन स्वच्छता प्रहरियों ने घाटों के चप्पे-चप्पे को स्वच्छ बनाया।



# महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी व 33% आरक्षण पर चर्चा

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन के 'नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा' के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संगीता झाम और डायरेक्टर डॉ. सुनील पाहवा के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रभा पहाड़िया के संयोजन में मंगलवार को संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता हाई कोर्ट जबलपुर की गवर्नमेंट एडवोकेट शिखा शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023, जिसे संविधान का 106वां संशोधन कहा जाता है, 16 अप्रैल 2026 से लागू हो चुका है। इसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान कर उनकी निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी को सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनगणना और सीमांकन आवश्यक हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभा पहाड़िया ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रीता मुखर्जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. जयश्री जैन, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. अल्पना सिंह सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# ध्वजारोहण से वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

▸ प्रथम दिवस घट यात्रा, अभिषेक पूजन एवं मांगलिक प्रवचन हुए





**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर के बड़ा जैन मंदिर, गढ़ा में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। प्रथम दिवस मुनि संघ के सानिध्य में सैधर्म इंद्र सहित इंद्र-इंद्राणियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। नीरज नारद ने बताया कि भव्य घट यात्रा, अभिषेक पूजन, शांतिधारा एवं मांगलिक प्रवचनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं व बालिकाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। ध्वजारोहण में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी नरेश, बा. ब्र. डॉ. कल्पना दीदी, वा. न. बबली दीदी, वा. ब्र. हिमांशु भैया, ब्र. राजेश उपस्थित रहे। ध्वजारोहण का सौभाग्य उत्तमचंद जैन, शोभा जैन, लखमीचंद जैन एवं सुशीला जैन को मिला।इसी अवसर पर गोरखपुर स्थानकवासी सेवा समिति भवन में अक्षय तृतीया उत्साहपूर्वक मनाई गई। भगवान आदिनाथ के वर्षितप का पारणा हुआ। राष्ट्रसंत डॉ. मणिभद्र मुनि ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इच्छाओं का निरोध ही तप का वास्तविक लक्षण है। उन्होंने बताया कि सच्चा तप आत्मकल्याण और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। आयोजन की सफलता में लोकेश चोपड़ा, गौतम बोथरा, मुकेश बाघमार, निर्मल चोपड़ा, निखिल बाघमार, राजेंद्र सुराणा, अर्जुन चोपड़ा, तपस्वी लाल बाघमार, मयूर सिंघवी एवं मंगीलाल चोपड़ा का विशेष सहयोग रहा।

**व्याख्यान** राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर व्याख्यान आयोजित

# सिविल सेवा केवल नौकरी नहीं,देश सेवा का सर्वोच्च माध्यम






**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा 'राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस' के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में अभिषेक पिल्ले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि सिविल सर्विस की तैयारी के लिए बेहतर रणनीति और टाइम मैनेजमेंट बहुत जरुरी है। करेंट अफेयर्स के साथ ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आर्ट एण्ड कल्चर की जानकारी भी आवश्यक है। अभिषेक पिल्ले द्वारा सिविल सेवा की तैयारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी ने सिविल सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सिविल सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देश सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, कु. प्रियंका शर्मा के साथ महाविद्यालय के लगभग 42 विद्यार्थी उपस्थित रहें।



# एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार महाप्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में कंप्यूटर पर यूनिकोड का प्रयोग विषय पर एक दिवसीय विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी मुख्यालय संतलाल मर्सकोले द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्य एवं इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में वरिष्ठ अनुवादक बिपुल कुमार मंडल ने 'यूनिकोड' के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने के दौरान आने वाली सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा यूनिकोड के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। इस कार्यशाला में महाप्रबंधक कार्यालय, जबलपुर के विभिन्न विभागों से 10 रेल अधिकारियों एवं 20 कर्मचारियों सहित कुल 30 प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।